गायक उदित नारायण ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। -विज्ञप्ति

विश्व आर्थिक मंच की बैठक में शामिल होंगे योगी समेत 100 से अधिक भारतीय

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, अश्विनी वैष्णव, बीएम बोम्मई और स्मृति ईरानी समेत 100 से अधिक भारतीय अगले महीने दावोस में होने वाली विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की सालाना बैठक में शामिल होंगे। योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री होंगे, जो 16-20 जनवरी, 2023 को होने वाले इस बैठक में शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बैठक में शामिल होंगे या नहीं, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले उन्होंने 2018 में डब्ल्यूईएफ के इस कार्यक्रम में शिरकत की थी। 2021 और 2022 में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक को संबोधित किया था। इस बैठक में शामिल होने वाले दुनिया के अमीरों और शक्तिशाली लोगों की अंतिम सूची को अंतिम रूप देना बाकी है। हालांकि, स्विट्जरलैंड के दावोस शहर में होने वाले कार्यक्रम में 50 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्षों और मुखिया के शामिल होने की उम्मीद है। जी20 शेरपा अमिताभ कांत भी हिस्सा ले सकते हैं। स्विस स्काई रेजॉर्ट शहर में होने वाली इस बैठक में गौतम अदाणी और मुकेश अंबानी समेत करीब 100 भारतीय कारोबारी भी शामिल हो सकते हैं। एजेंसी

फार्मा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नियम होंगे सरल

फार्मा एंड डिवाइस मीट के जरिए निवेश को बढ़ावा देने की तैयारी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में फार्मा उद्योग में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कई प्रावधानों में बदलाव की तैयारी है। लाइसेंस प्रणाली सहित कारोबारियों को अनुदान संबंधित व्यवस्था के लिए सिंगल विंडो सिस्टम अपनाने पर जोर है। ऐसे में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से 21 दिसंबर को फार्मा एवं मेडिकल डिवाइस मीट का आयोजन किया जा रहा है।

प्रदेश की जनसंख्या एवं अस्पतालों की संख्या के मद्देनजर फार्मा उद्योग में बड़ी संभावना मानी जा रही है। इसी रणनीति के तहत एफएसडीए की ओर से प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में दवा आपूर्ति के लिए होने वाले टेंडर में लघु दवा उद्यमियों को शामिल करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह प्रस्ताव शासन में लंबित है। इसके अलावा लाइसेंस प्रणाली का सरलीकरण किया जा रहा है।

एफएसडीए के उपायुक्त (ड्रग) एके जैन ने बताया कि उत्तर प्रदेश फर्मास्युटिकल उद्योग नीति (द्वितीय संशोधन) 2021 में कई नए प्रावधान किया गए हैं। इसके तहत अत्याधुनिक फार्मास्युटिकल पार्क की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए प्रति फार्मा पार्क हर साल एक करोड़ रुपये की अधिकतम सब्सिडी का भी प्रावधान किया गया है। यह सात वर्ष तक भूमि खरीद पर वार्षिक ब्याज में 50 फीसदी प्रतिपूर्ति सब्सिडी का भी इंतजाम किया गया है। इसी तरह अनुसंधान प्रोत्साहन, आयुष स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े उत्पाद को तैयार करने पर अतिरिक्त सुविधा देने का भी प्रावधान किया गया है। फार्मा के क्षेत्र के स्टार्टअप शुरू करने वाले उद्यमियों के लिए प्रारंभिक सामग्री उपलब्ध कराने, शिक्षक संस्थानों एवं चिकित्सा विश्वविद्यालयों में इनक्यूबेटर स्थापित करने की भी योजना है।

एक मंच पर जुटेंगे व्यापारी और अधिकारी

एफएसडीए की ओर से बुधवार को आयोजित उत्तर प्रदेश फार्मा एवं मेडिकल डिवाइस मीट का उद्घाटन आयुष एवं एफएसडीए राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु करेंगे। इस दौरान उपायुक्त एके जैन व्यापारियों के लिए की गई व्यवस्था की जानकारी देंगे।